Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding shifting of a Toll Plaza-laid.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत सिवनी से छिंदवाड़ा होकर मुलताई रा.रा.मार्ग क्रं.347 है । सिवनी से छिंदवाड़ा की बीच की दूरी 70 कि.मी. है जिसमें 20 कि.मी. मार्ग सिवनी जिले की सीमा तथा 50 कि.मी. मार्ग छिंदवाड़ा जिले की सीमा में आता है. वर्ष 2016 में NHAI द्वारा टोल सिवनी से मात्र 14 कि.मी. दूरी पर ग्राम फुलारा में लगाया गया है । फुलारा के आगे सिवनी जिले की सीमा तक आने वाले लगभग 30-40 ग्रामों के नागरिकों को स्कूल कॉलेज, आफिस, ईलाज, कचहरी एवं बाजार प्रतिदिन सिवनी मुख्यालय आना जाना पड़ता है और उन्हें टोल का भुगतान करने के लिए बाध्य होना पड़ता है जिससे नागरिकों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है । जिले की सीमा के भीतर यात्रा करने के लिए भी टोल का भुगतान करना मजबूरी हो जाती है । टोल स्थापित होने के बाद से ही इसका विरोध किया जाता रहा है, लगातार विरोध के बाद भी इसे हटाया नहीं गया है, इससे जनता में काफी नाराजगी है । सिवनी छिंदवाड़ा रा राजमार्ग पर NHAI द्वारा जिला मुख्यालय से मात्र 14 कि.मी. की दूरी पर फुलारा में टोल को फुलारा से हटाकर सिवनी छिंदवाड़ा जिले की सीमा में स्थापित कराये जिससे स्थानीय नागरिकों को राहत मिल सके ।